तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अप्रैल 2026

10 सड़कों पर नहीं खड़ी होंगी बसें, दिए गए सख्त निर्देश



11 भाजपा का वार्ड चलो अभियान योजनाओं की दी गई





## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त एक गिरफ्तार



**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति सुरंगी नाला के आगे ग्राम गढफुलझर में अवैध शराब बिक्री के लिए रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेही से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम ओकेश बेहरा पिता सहदेव बेहरा (19 साल) गढफुलझर होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

### दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** दुर्घटना में कार के क्षतिग्रस्त होने के मामले में बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बसना के सतीश भोई ने बताया कि 11 अप्रैल को वह अपनी वाहन कार से रिश्तेदार के घर ग्राम रसोड़ा गया था, जहां से वापस बसना आ रहा था। करीबन 7.45 बजे जगदीशपुर रोड विधायक निवास के पास आ रही एक कार के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चालक उसकी कार को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## अपराध : टीआई सहित कई पुलिसकर्मी घायल

# शराब कोचिया को पकड़ने गई पुलिस की टीम पर हमला, 10 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब मामले के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी में जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में सांकरा टीआई, प्रधान आरक्षक, महिला आरक्षक समेत कई लोगों को गंभीर चोटें आई है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत कई धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पूरे मामले को लेकर सांकरा टीआई उत्तम तिवारी ने पटेवा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

एफआईआर में टीआई ने बताया है कि वे 11 अप्रैल को वरिष्ठ अधिकारियों के मौखिक आदेश पर थाना पटेवा के अपराध क्रमांक 37/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना सांकरा के आरक्षक 134 अभिषेक राज दीपक के साथ थाना पटेवा पहुंचे। जहां से थाना पटेवा से निरीक्षक उमेश वर्मा के सहयोगी, रक्षित केंद्र महासमुंद, एसडीओपी कार्यालय महासमुंद, एसडीओपी कार्यालय पिथौरा, थाना अजाक, थाना तुमगांव उपरोक्त सभी कर्मचारी पुलिस लाईन से आए।

इसके बाद पुलिस टीम फरार आरोपी विजय मार्कंडेय एवं विनोद मार्कंडेय ग्राम पचरी थाना पटेवा जिला महासमुंद की गिरफ्तारी हेतु रवाना हुए थे। ग्राम पचरी में आरोपी के घर करीबन 6 से 7 बजे के मध्य पहुंचने पर दोनों आरोपी विजय मार्कंडेय एवं विनोद मार्कंडेय पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। लेकिन, जैसे ही उन्हें शासकीय वाहन में बिठाने का प्रयास किया गया तो दोनों आरोपी अपनी गिरफ्तारी की विरोध करते हुए पुलिस पार्टी के साथ गाली गलौज करते हुए, हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। साथी आस-पड़ोस के लोगों एवं अपने रिश्तेदारों को जोर-जोर से चिल्लाकर पुलिस पार्टी पर हमला करने के लिये उकसाने लगे, आरोपियों के उकसावे में आकर उनके रिश्तेदार बहन हेमा, पिता छगन, चाचा गुलशन, दादी लीलाबाई, दादा गजेंद्र, विजय की पत्नी ज्योति, रिश्तेदार लक्की मार्कंडेय एवं अन्य आस-पडोस के लोग एवं अन्य रिश्तेदार एक साथ मिलकर गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आरोपियों को बचाने एवं भगाने के लिए लाठी डंडा एवं छड़ के टुकडे से सुसज्जित होकर व गली में पडे हुए ईंट, पत्थर के टुकड़ों से मौके पर उपस्थित सभी बल के उपर जानलेवा हमला करने लगे।




### लाठी, डंडे, छड़ के टुकड़ों व ईंट-पत्थर से किया हमला

टीआई ने एफआईआर में बताया कि आरोपी एवं उनके रिश्तेदारों के द्वारा लाठी डंडा, छड के टुकड़े व ईट-पत्थर के टुकड़ों से प्राणघातक हमला करने से उसके सिर में, गले में, बाये सीने में गंभीर चोंट आई। वहं प्रआर. 178 अशवंत मन्नाडे, महिला आरक्षक 439, 1031, 1035, आर. 143, 684 को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोंटे आई, इसके बाद जब आरोपियों को लेकर जब पुलिस की वाहन मौके से निकलने लगी तब आरोपी के परिवार वाले चारों तरफ से ईंट-पत्थर फेंक कर मारने लगे तथा आरोपी की बहन हेमा उसी दौरान पुलिस वाहन के सामने आकर रोड में लेट गयी। इसी बीच आरोपियों के रिश्तेदारजन के द्वारा फेंक कर मारे जा रहे ईट एवं पत्थर से हेमा के सिर में भी चोट लगी। थाना पटेवा का हाईवे पेट्रोलिंग वाहन क्रमांक सीजी 03-6100 का पीछे का कांच फूट गया। पुलिस पार्टी में उपस्थित महिला आरक्षकों के द्वारा हेमा को उठाकर उसे सुरक्षित स्थान पर छोडा गया। वहीं पुलिस बल काफी मशक्कत के बाद आरोपियों को लेकर वापस थाना पटेवा पहुंची। रिपोर्ट पर पटेवा आरोपी विजय मार्कंडेय, विनोद मार्कंडेय व उसके रिश्तेदारजन के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला कर गंभीर चोंट पहुंचाने के मामले में धारा 109(1), 115(2), 121(1), 132, 190, 191(2), 191(3), 221, 296, 324(3), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक के अनियंत्रित होकर पलटने से ड्राइवर की मौत

**महासमुंद।** ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से हुई ड्राइवर की मौत के मामले में पिथौरा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया थाना पिथौरा के मर्ग क्रमांक 20/26 धारा 194 बीएनएसएस की जांच की गई। जांच के दौरान मृतक सैय्यद राजिब पिता सैय्यद राजू (27 वर्ष) आरखाली थाना आमडागा जिला उत्तर 24 परगना कलकत्ता का सीएचसी पिथौरा में विधिवत मर्ग पंचनामा कार्रवाई कर पीएम कराया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक सैय्यद राजिब आइशर वाहन क्रमांक डब्लूबी 25 एन 8647 का चालक था और अपने हेल्पर अजरूद्दीन पिता जोयल अजरूद्दीन (19 साल) बगबेरिया थाना मध्यमगेडा जिला उत्तर 24 परगना कोलकाता के साथ कोल्हापुर महाराष्ट्र से हावड़ा (पं बंगाल) के लिए उक्त वाहन में अंगूर लोडकर ले जा रहे था। 09 अप्रैल की सुबह करीबन 6 बजे मुढीपार चौक थाना पिथौरा के पास अचानक जानवर के आ जाने से बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक सैय्यद राजिब वाहन के नीचे दब गया, जिसकी सीएचसी पिथौरा में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# विकसित राष्ट्र में महिलाओं की सहभागिता होगी सुनिश्चित

**नारी शक्ति वंदन योजना को सांसद ने बताया महिलाओं की राजनीतिक व वैचारिक उन्नति**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय सर्किट हाउस में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद रुपकुमारी चौधरी ने आगामी दिनों में संसद के विशेष सत्र में प्रस्तावित "नारी शक्ति वंदन योजना" के मसौदे और उसके संभावित प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं, महिला अधिवक्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं एवं भाजपा महिला पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और इस पहल का स्वागत किया। सांसद रुपकुमारी चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। प्रस्तावित अधिनियम के तहत संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल आरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि देश की आधी आबादी को विकसित भारत के लिए निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देने का प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीति-निर्माण में संवेदनशीलता, समावेशिता और सामाजिक संतुलन को बढ़ावा मिलेगा। महिलाओं के नेतृत्व से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को अधिक प्राथमिकता मिलने की संभावना है। पत्रकार वार्ता के अंत में उन्होंने कहा कि "नारी शक्ति वंदन योजना" केवल एक कानून नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनेगी, जिससे देश की लोकतांत्रिक संरचना और अधिक सशक्त और संतुलित होगी।

### अन्य महिला प्रतिनिधियों ने भी रखी अपनी बात

वरिष्ठ भाजपा नेत्री पुष्पलता चौहान, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, सेवानिवृत्त प्राचार्य शशिप्रभा थीटे एवं अधिवक्ता रीना जैन ने बताया कि यह दशकों से लंबित मांग को पूरा करने वाला एक मील का पत्थर है, जो संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई (33%) सीटें सुरक्षित करेगा। यह अधिनियम केवल महिलाओं के लिए अवसरों के द्वार खोलने के साथ नीति निर्धारण और राष्ट्र निर्माण में भूमिका में महिला प्रतिनिधियों के नेतृत्व में विकास कार्यों, महिला सुरक्षा और सामाजिक उत्थान में सहयोगी बनेगा। कानून देश की करोड़ों महिलाओं और बेटियों को आगे बढ़ने व नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे शासन अधिक संवेदनशील बनेगा। प्रधानमंत्री द्वारा इसे ₹नारी शक्ति की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब₹ और 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने वाला एक 'ऐतिहासिक वादा' कहा गया है।



## खबर संक्षेप

### 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विकसित भारत की मजबूत नींव: निधि



**महासमुंद।** देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में महिला आरक्षण को लागू करना केवल एक नीति नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक परिवर्तन की शुरुआत है। यह निर्णय नारी शक्ति को समान अवसर प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करता है। निधी लोकेश ने कहा कि "महिला आरक्षण सिर्फ आवश्यकता नहीं, बल्कि महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूती देकर 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने का सशक्त माध्यम है।" उन्होंने आगे कहा कि यह कदम देश की आधी आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल कर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएगा।

### शराब सहित युवक को किया गिरफ्तार

**महासमुंद।** बिक्री के लिए अवैध रूप से व्हिस्की शराब रखे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस महासमुंद ने बताया कि भलेसर रोड जाने मार्ग नहर किनारे आम पेड़ के पास पुलिस ने आरोपी खगेश्वर श्रीवास्तव पिता होरीलाल श्रीवास्तव (28 साल) निवासी वार्ड नं 15 महामायापारा महासमुंद के कब्जे से 33 पौवा अंग्रेजी आइकन प्रीमियम व्हिस्की शराब कीमत 3300 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### खेत के बोर में नहाने गए व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** बिरकोनी के झिलमिली खार के खेत में लगे बोर में नहाने गए एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। सिटी कोतवाली पुलिस को बिरकोनी के शंभु साहू ने बताया कि उसने अपने खेत को बालाराम साहू और चम्मन साहू को रेगहा में दिया हूं। 10 अप्रैल की सुबह 7 बजे वह झिलमिली खार खेत नहाने के लिये गया था और अपने रेगहा में दिये खेत में लगे बोर में ब्रश कर रहा था, उसी समय घनश्याम साहू और पवन साहू उसके पास आकर बोलने लगे कि जब तुम अपने खेत को रेगहा में दिये हो तो तुम खेत क्यों आते हो, तब उसने कहा कि मेरा खेत है तो नहाने के लिये आया हूं। इतने में घनश्याम साहू और पवन साहू ने पुरानी रंजिशवश गुस्से में आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

### निधन

#### केसर बेन राठौड़



**बागबाहरा।** बागबाहरा निवासी स्वर्गीय लालजी भाई राठौड़ की धर्मपत्नी केसर बेन राठौड़ (96 वर्ष) का निधन 12 अप्रैल रविवार को हो गया है। वे चंदू भाई राठौड़, धीरज भाई, किशोर भाई, विपिन भाई एवं मनोज की माता थीं।

# सरायपाली मर्डर मामले में बहू समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पारिवारिक विवाद के चलते हुई हत्या के मामले में मृतक के पुत्र की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में बहू समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक के पुत्र अरशद खान ने एफआईआर में बताया कि उसकी शादी 2021 में प्रेम प्रसंग के चलते एलिशिबा नाग टावरपारा सरायपाली के साथ हुआ था। उन दोनों का एक पांच वर्ष का लड़का है। लेकिन विवाद की वजह से उसने अपनी पत्नी को नवंबर 2025 में छोड़ दिया था। बच्चा उसके साथ रहता है। 11 अप्रैल की लगभग दोपहर 1.30 बजे वह अपने परिवार के साथ घर पर ही था। तभी एलिशिबा आई और बच्चे को वापस मांगने लगी। तब उन्होंने पूर्व में हो चुके विवाद के चलते कहा कि बच्चे को थाना में ले कर जायेंगे, वहां से ले लेना।

इस पर एलिशिबा ने फोन कर अपने दोनों भाईयों अय्यूब नाग तथा विजय नाग को बुला लिया और वे दोनों आकर गाली गलौज करने लगे। उसकी बहन शहनाज खान को अय्यूब नाग ने हाथ में पहने कड़े से मारा, जिससे उसके सिर में चोट आई। इसी बीच एलिशिबा ने फोन कर ताजुद्दीन अंसारी तथा राकेश साहू को भी बुलाया, जो एक मोटर साइकिल से आए। मोटर सायकल से उतरते ही गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए ताजुद्दीन ने अपने पास रखे चाकू से उसे (प्रार्थी) बांये कांख के पास मारा। हो हल्ला होने पर उसके पिता तथा बहन बीच बचाव करने आए, तब ताजुद्दीन अंसारी ने उसी चाकू से उसके पिता के सिर व राकेश साहू ने पीठ में चाकू मारा। तभी उसका छोटा भाई अजहर खान आया, जिसकी पीठ पर राकेश साहू ने चाकू मारा।

घटना में प्रार्थी के पिता, भाई अजहर तथा बहन शहनाज घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें शासकीय अस्पताल सरायपाली लेकर आए, जहां डॉक्टर ने उसके पिता की मौत हो जाना बताया। वहीं भाई अजहर तथा बहन शहनाज को रेफर करने पर उचित उपचार के लिए बरगढ़ में भर्ती करया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाने में धारा-296, 115, 351(2), 109, 103(1), 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## जायजा : बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओपी व सीएमओ

# सड़कों पर नहीं खड़ी होंगी बसें, दिए गए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



शहर के बस स्टैंड में सड़क पर बसों के खड़े रहने के कारण अक्सर यातायात बाधित होने तथा दुर्घटनाएं होने की शिकायतों के बाद एसडीओपी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपनी टीम के साथ बस संचालकों, ऑटो चालकों और बस स्टैंड के आस-पास के व्यापारियों को समझाईश दी गई है तथा यातायात बाधित करने पर कार्यवाही की भी चेतावनी दी गई है।

शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित बस ने स्टैंड में आये दिन बेतरतीब ढंग से बसों के खड़े रहने और सड़क व आसपास के व्यवसायियों द्वारा सामग्रियों को फैला क कर रखने के कारण बस स्टैंड के आस पास यातायात व्यवस्था में काफी व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। इसके अलावा दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती थी, जिसे देखते हुए शहरवासियों के द्वारा यहां यातायात दुरूस्त करने के लिए कई बार पुलिस व नगर पालिका से शिकायत की गई थी। उक्त शिकायतों को देखते हुए एसडीओपी ललिता मेहर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश यादव उनकी टीम द्वारा बस स्टैंड में सभी बस, संचालकों व आसपास के व्यवसायियों को समझाइश दी गई। उनके द्वारा बसों को निर्धारित स्थान पर खड़ी करने और अनावश्यक सड़क पर बसें खड़ी नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ ही व्यापारियों को भी बाहर तक सामान नहीं निकालने की समझाइश दी गई तथा इसका उल्लंघन करने पर भारी भरकम जर्माना लगाने की चेतावनी भी दी गई है।

इस संबंध में सीएमओ यादव ने बताया कि बसों के लिए बस स्टैंड परिसर के भीतर पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन अधिकांश बसें सड़क पर ही खड़ी रहती हैं। इसे देखते हुए पुलिस व नपा की टीम के द्वारा सभी बस संचालकों को अपने बसों को परिसर के भीतर ही रखने तथा निर्धारित समय के केवल 5 मिनट पूर्व ही सड़क पर निकालने की समझाईश दी गई है। साथ ही इसका उल्लंघन कर यातायात बाधित करने पर 20 हजार रुपए तक के जुर्माने की चेतावनी भी उन्हें दी गई है। इसके लिए सभी बस संचालकों से उनका शेड्यूल भी लिया गया है, ताकि निर्धारित समय के पूर्व बसों के बाहर निकलने पर उन पर कार्रवाई की जा सके।

इसके अलावा सभी ऑटो चालकों को एक कतार में रखने के लिए कहा गया है। वहीं फल दुकानों, होटलों, अन्य व्यापारियों व शेड के बाहर सामान निकालने वालों अथवा शेड को ही सीमा से अधिक बाहर तक निकालने वाले व्यवसायियों को भी सख्त हिदायत दी गई है।

यादव ने बताया कि एसडीओपी द्वारा बस स्टैंड में व्यवस्था बनाये रखने के लिए दो पुलिस बल भी तैनात करने की बात कही गई है। साथ ही समय-समय पर नगर पालिका की टीम भी यहां व्यवस्थाओं का जायजा लेती रहेगी।

# भाजपा का वार्ड चलो अभियान योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा के स्थापना दिवस से प्रारंभ हुए वार्ड चलो अभियान के तहत वार्ड क्र. 01, 14, 16 का कार्यक्रम शंकरनगर स्थित गौरा चौक में आयोजित किया गया। वार्ड चलो अभियान के मुख्य अतिथि भाजपा विधिप्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रलय थिटे, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी एमआर विश्वनाथन, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र शिका प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा जोन प्रभारी व शहर उपाध्यक्ष (वरिष्ठ), झनकराम साहू, जोन संयोजक राकेश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष सुधा साहू, बूथ प्रभारी दुर्गा सार्वा, पलास यादव, हेमलता केशरवानी भी थे।

वार्ड चलो अभियान को मुख्य अतिथि प्रलय थिटे ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में लगे है। आज शिक्षित राज्यों की महिला ज्यादा आत्मनिर्भर है। छत्तीसगढ़ पदेश में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। सरकार मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है। महिलाएं सशक्त होंगी, तब हमारा शहर, गांव राज्य मजबूत होगा। थिटे ने कहा कि 2047 तक के विकसित भारत में महिलाओं का बड़ा योगदान होगा। हम सब को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए, तब ही लाभ प्राप्त कर पायेंगे। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बने लगभग ढाई साल हो रहा है। इन ढाई सालों में



नरेंद्र मोदी की गारन्टी को शत प्रतिशत भाजपा सरकार ने लागू किया है। प्रदेश को समृद्धशाली बनाने में भाजपा के कार्यकर्ता अपना पसीना बहा रहे है। कांग्रेस के शासनकाल में सभी जनकल्याणीकारी योजनाएं प्रायः बन्द हो गयी थी। आज फिर योजनाएं पुनः चालू हो चुकी, जिसका लाभ जनता को सीधे मिलरहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर बिजली योजना, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, कम ब्याज दरों में ऋण उपलब्ध आदि की जानकारी दी। उन्होने कहा कि क्षेत्र चौमुखी विकास कर रहा है। क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा करोड़ो रुपए के विकास कार्य करा रहे है। कार्यक्रम का संचालन हनीष बग्गा ने किया। कार्यक्रम के बाद वार्डों में डोर टू डोर जन संपर्क कर योजनाओं के हितग्राहियों का फूल माला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षदगण पीयूष साहू, माखन पटेल, मैना कोसले, पुष्पाजंली सिन्हा, दुर्गा चंद्राकर, दुलारी साहू, भागवत ढीमर, नेहरू बघेल, चंद्रलेखा साहू, अर्चना चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए नवकिरण अकादमी में हुआ चौथा व अंतिम मेगा टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


जिला प्रशासन द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए 04 टेस्ट सीरीज के अंतर्गत चौथा एवं अंतिम मेगा टेस्ट आयोजित किया गया। जारी विज्ञप्ति में जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी बसंत साव ने जानकारी देते हुए बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के अंतर्गत आयोजित यह अंतिम मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-04) मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। इस टेस्ट में कुल 100 अंकों के 100 प्रश्न शामिल किए गए, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रीजनिंग, भारत का इतिहास, भूगोल, भारतीय संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, समसामयिक घटनाएं, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान एवं कंप्यूटर जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया। इस प्रकार का समग्र प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुआ। उन्होंने आगे बताया कि इस टेस्ट सीरीज का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन एवं परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास विकसित करना है। चारों टेस्ट के माध्यम से अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी का आकलन करने एवं कमजोर विषयों में सुधार करने का अवसर मिला है। इस अंतिम मेगा टेस्ट में नवकिरण अकादमी में अध्ययनरत अभ्यर्थियों के साथ-साथ बाहरी पंजीकृत प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। टेस्ट सीरीज को लेकर अभ्यर्थियों में विशेष उत्साह देखा गया, जिससे उनकी परीक्षा तैयारी को बेहतर दिशा मिली। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार की पहल निरंतर की जा रही हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं अभ्यास का बेहतर अवसर मिल सके। नवकिरण अकादमी के माध्यम से युवाओं को कोचिंग, टेस्ट सीरीज एवं मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में सफलता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# सोलह प्रहरी हरिनाम यज्ञ में शामिल हुए जनपद सभापति

## कुदारीबाहरा में आयोजित संकीर्तन में ग्रामीणों संग बैठकर किया प्रसाद ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम कुदारीबाहरा में महाराज सदन तिवारी (कोमना ओडिशा) के सानिध्य में ग्रामवासियों, वैष्णव देवी मंदिर समिति एवं शिव मंदिर समिति के सहयोग से सोलह प्रहरी हरिनाम संकीर्तन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि शशिकांत साव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ग्राम प्रमुख एवं सरपंचों द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात सिन्हा ने पूजन-दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। साथ ही सभापति सिन्हा ने ग्रामवासियों के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया, जिससे सामाजिक समरसता एवं भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर सभापति सिन्हा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के सरपंच प्रफुल्ल साहू, गुलाब साहू, गोपीचंद साहू एवं गोपेश डड़सेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### संगठन विस्तार को लेकर हुई आप की बैठक





**महासमुंद।** संगठन विस्तार को लेकर आज आम आदमी पार्टी द्वारा महासमुंद विधानसभा की बैठक हुई। बैठक में महासमुंद जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सह सचिव संजय यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक विशेष रूप से उपस्तिथ रहे, जिन्होंने संगठन को कैसे विस्तार करना हैं उसको लेकर चर्चा की। जोन प्रभारी चंद्राकर ने कहा कि पार्टी पूरे ताकत से इस बार छत्तीसगढ़ के हर जिले में चुनाव लड़ेगी। जिसके लिए सदस्यता अभियान छत्तीसगढ़ में जारी है। जिलाध्यक्ष झाबक ने कहा कि हमें जिला के हर ब्लाक में ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर गांव-गांव जाना हैं और छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा के दौरान दिल्ली के शिक्षा नीति और स्वास्थ नीति को बताते हुए लोगों को पार्टी के प्रति जागृति करना है। प्रदेश सह सचिव संजय यादव ने कहाकि आने वाले समय में आप पार्टी शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए कॉलेजों में भी यूथ विंग की नियुक्ति करेगी। जिला महासचिव मधुराम यादव ने कहा कि आप पार्टी महासमुंद जिला में पहले से मजबूत स्थिति में हैं और आने वाले हर चुनाव में अपने प्रतिनिधि को उतारने के लिए कमर कस चुकी हैं। बैठक में तुलुराम ध्रुव, अजीम खान, अगेश्वर यादव, पूनाराम निषाद, मोहन साहू, मेघा चंद्राकर, सीता दीवान, भागवत साहू, अजय टोंद्रे, हेमलाल साहू, राजेश तिवारी, लुकेश्वर सेन उपस्थित थे।

# बलौदा में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के अंतर्गत ग्राम बलौदा में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय अग्रवाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. कुणाल नायक ने कुल 30 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श दिया। शिविर में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच पर ध्यान केंद्रित किया गया।

शिविर के दौरान डॉ. कुणाल नायक की सरल, संवेदनशील और जिम्मेदार कार्यशैली की आमजन में सराहना हुई। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ अभिभावकों को पोषण, टीकाकरण और उचित देखभाल के बारे में विस्तार से जागरूक किया। उनकी सहज संवाद शैली और मरीजों के प्रति समर्पण ने ग्रामीणों में भरोसा और मजबूत किया। गौरतलब है कि डॉ. कुणाल नायक के बीएमओ का पदभार संभालने के



बाद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर करने, समय पर उपचार उपलब्ध कराने और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के प्रयासों की व्यापक सराहना हो रही है। बलोदा में आयोजित यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सशक्त नेतृत्व और समर्पित कार्यशैली से ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा दी जा सकती है। उक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे द्वारा दी गई।

# श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्म व गोवर्धन पर्वत का किया वर्णन

## कथा के पांचवे दिन पर कृष्ण जन्म, बाल लीला, कंस वध, गोवर्धन पूजा कथा से भाव-विभोर हुए श्रोता

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव के चौथे व पांचवें दिन की कथाव्यास पंडित रूपनारायण शर्मा ने समुद्र मंथन, कृष्ण जन्म, कृष्णा बाल लीला, गोवर्धन पर्वत, कंस वध कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। जिसमें प्रथम प्रसंग पर बताया कि मानव हृदय ही संसार रूपी सागर हैं। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता व दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन हैं। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चिंतन मंथन चलता रहता है। जिनके अंदर दानव जीत गया उनका जीवन दुखी परेशान और कष्ट कठिनाइयों से भरा होगा और जिनके अंदर देवता जीत गया उनका जीवन सुखी, संतुष्ट और भगवत प्रेम से भरा हुआ होगा। इसलिए हमेश अपने विचारों पर पैनी नजर रखते हुए बुरे विचारों को अच्छे विचारों से जीतते हुए अपने मानव को सुखमय एवं आनंदमय बनाना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की अद्भुत लीला का वर्णन करते हुए बताया कि कंस के बड़ते अत्याचार



को देखते हुए भक्तों ने भगवान विष्णु से रक्षा की प्रार्थना की और देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। जैसे ही कृष्ण जन्म हुई, पूरा वातावरण नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्त भावविभोर होकर नाचने लगे। बाल कृष्ण की विविध लीला में माखन चोरी की घटनाओं का सुंदर और सरस वर्णन किया। श्रोताओं ने इन लीलाओं को मंत्रमुग्ध होकर झूमते हुए आनंद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भव्य झांकी सजाई गई और कथा स्थल को फूलों की वर्षा की गई।

उन्होंने बताया कि कंस ने कृष्ण को मरने अनेक प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाया। तब धरती पर पाप को मिटने के लिए भगवान कृष्ण ने उसका वध कर अपने माता-पिता वासुदेव व देवकी को बंदीगृह से छुड़ाया तथा वासुदेव का राज्याभिषेक किया। भगवान इंद्र और गोवर्धन पर्वत की कथा में कथावाचक ने बताया कि भगवान इंद्र की पूजा जब बृजवासियों ने नहीं की तो इंद्र भगवान क्रोधित होकर बृज को जलमग्न करने के लिए सामवर्तक मेघ को आदेश दिए। मेघों ने मूसलाधार बारिश की। भगवान ने बृजवासियों की रक्षा करने और उनके अभिमान को तोड़ने के लिए अपने कनिष्ठिका उंगली की नोंक पर गोवर्धन पर्वत को धारण कर सात कोश के गोवर्धन को सात दिन तक भगवान ने उठाए रखा। फिर इंद्र ने आकर भगवान से क्षमा मांगी। भगवान ने इंद्र को क्षमा कर दिया। अगर हम बिना कर्म करे फल की प्राप्ति चाहेंगे तो वह कभी नहीं मिलेगा, कर्म तो हमें करना ही होगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

### सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर शकील कुरैशी का निधन



**पिथौरा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित एवं वन विभाग के सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर शकील कुरैशी 68 वर्ष का रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्वर्गीय कुरैशी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। वे वरिष्ठ पत्रकार जाकिर कुरैशी के बड़े भाई थे। उनके पुत्र हातिम और हाशमी कुरैशी है। वहीं शम्स, सिराज और यूसुफ कुरैशी के वे चाचा थे। 13 अप्रैल सोमवार की सुबह 10 बजे इस्लामिक रीति-रिवाज के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। उनके निधन की खबर से परिजनों, परिचितों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों में गहरा शोक व्याप्त है।

### एक साल में नगर पालिका की हालत खराब



**महासमुंद।** वार्ड क्र. 10 के भाजपा पार्षद माखन पटेल ने नपा अध्यक्ष के बजट पर प्रतिक्रिया के जबाव में कहा कि निर्दलीय पार्षदों को मोहरा बनाया जा रहा है। पालिका की हालत एक साल में खस्ता बना कर रख दी गई है। जनता पानी के लिए तरस रही है, तीन टाइम पानी की बात बेमानी है। नागरिकों का कहना है कि दो टाइम ही पानी दें, लेकिन ठीक से दें। इस तरह सफाई व्यवस्था पूरी चरमराई हुई है। नगर में जो भी निर्माण कार्य हुए है। जाकर देखा जा सकता है कि कभी क्यूरिंग तक नहीं हुई। नपा के अफसर बेलगाम हो गए। गार्डनों की हालत जर्जर हो गयी, पारदर्शिता की बात बार-बार दोहरायी जा रही है। करोड़ों लीटर पानी चार माह से ठेकेदार ले जा रहा था, लेकिन आवाज उठाने के बाद कोई कार्रवाई न होना, क्या यही पारदर्शिता है। ऊपर से अध्यक्ष का बयान आता है कि ठेकेदार ने पानी का पैसा जमा किया है।

**मनमानी : ग्राम पंचायत लहरौद के आश्रित ग्राम नयापाराखुर्द में हुई घटना, सचिव ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

# शासकीय भूमि से मलबा हटाने पहुंची बुलडोजर पर पथराव, दबंगई के चलते बैरंग लौटा पंचायत अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण से अवैध मलबा हटाने पहुंची पंचायत टीम पर कब्जाधारी द्वारा पथराव और गाली गलौज किए जाने से पंचायत अमले को बैरंग लौटना पड़ा। ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत लहरौद के आश्रित ग्राम नयापाराखुर्द में हुई इस घटना में पंचायत सचिव ने थाना पिथौरा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी अनुसार, खसरा नंबर 113/1 स्थित शासकीय भूमि पर करीब एक वर्ष पूर्व 20 जून 2025 को प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाया गया था। यह भूमि वर्षों से ग्रामीणों द्वारा खेत-तालाब जाने के लिए धरसा मार्ग के रूप में उपयोग की जाती रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोकनाथ डड़सेना द्वारा इस भूमि के लगभग 5 डिसमिल हिस्से में अवैध रूप से मकान बना लिया गया, जिससे आवागमन बाधित होने लगा। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने मामले में कार्रवाई करते हुए तहसील न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया। तत्कालीन तहसीलदार द्वारा सुनवाई के बाद अतिक्रमण हटाने का विधिवत नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई के दौरान भी कब्जाधारी और उसके परिवार द्वारा विरोध किया गया, जिसके





चलते अतिरिक्त पुलिस बल की मौजूदगी में मकान तोड़ा गया। हालांकि, कार्रवाई के लगभग 10 माह बाद भी स्थल से मलबा नहीं हटाया गया, जिससे ग्रामीणों को लगातार परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने पुनः अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसीलदार से मलबा हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्थल गांव के रंगमंच के पास स्थित है, जहां 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर पारंपरिक पुतरा-पुतरी विवाह कार्यक्रम आयोजित होना है। मलबा पड़े रहने से आयोजन में बाधा की आशंका है।

एसडीएम पिथौरा के निर्देश पर शनिवार सुबह पंचायत द्वारा जेसीबी के माध्यम से मलबा हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इसी दौरान कब्जाधारी लोकनाथ डड़सेना अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंचकर कार्य में बाधा डालते हुए बुलडोजर पर पथराव करने लगा और पंचायत कर्मियों के साथ गाली-गलौज की। स्थिति बिगड़ते देख पंचायत अमला को कार्रवाई रोककर लौटना पड़ा। पंचायत सचिव राकेश पुरोहित ने बताया कि शासकीय कार्य में बाधा, गाली-गलौज और जेसीबी में तोड़फोड़ के संबंध में थाना पिथौरा में लिखित शिकायत दी गई है। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा ग्राम पंचायत लहरौद के डिपोपारा में खसरा नंबर 624/1 की शासकीय भूमि पर भी अवैध कब्जा कर मकान बनाया गया है, जिसकी शिकायत कलेक्टर से की जा चुकी है।

# बीईओ की मनमानी के खिलाफ एकजुट हुए शिक्षक संगठन, 15 को कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

महासमुंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की कार्यप्रणाली से नाराज होकर जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर सर्व शिक्षक मंच का गठन किया है। बीआरसीसी कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में मंच ने बीईओ की मनमानी और अव्यवस्था के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया है।आंदोलन की रूपरेखा के तहत प्रथम चरण (15 अप्रैल): बीईओ कार्यालय का घेराव कर विधायक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। द्वितीय चरण (27 अप्रैल) में मांगें पूरी न होने पर बीईओ कार्यालय के सामने समस्त संघों द्वारा आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। तृतीय चरण में लोहिया चौक से मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा सत्याग्रह किया जाएगा। बैठक में उपस्थित शिक्षक संघ के प्रमुख पदाधिकारियों ने बीईओ के रवैये को शिक्षा विभाग के लिए



घातक बताया। जिला संयोजक टेकराम सेन ने कहा कि बीईओ के खिलाफ गठित जांच समिति को 15 दिनों में रिपोर्ट देनी थी, लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, जो प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण है। सीजीटीए ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू ने बीईओ की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि वित्तीय अनियमितता: स्कूल शिक्षा विभाग की रीढ़ माने जाने वाले संकुल समन्वयकों को यात्रा भत्ता देने से मना किया जा रहा है, जबकि बीईओ द्वारा अपने साथ स्टाफ को ले जाकर मनमाने तरीके से यात्रा भत्ता निकाला जा रहा है। कार्यालय से स्कूलों के नाम पर स्टेशनरी की हजारों रुपए की खरीदी दर्शाई गई है, जबकि सामग्री स्कूलों तक पहुंची ही नहीं। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और आम शिक्षकों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

#### प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति

इस निर्णय में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, सीजीटीए के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, शिक्षक संघ से बसंत साव, प्रधान पाठक मंच से बीपी मेश्राम, कमलनारायण यादव, सीजीटीए जिला उपाध्यक्ष मोहन साहू, समन्वयक संघ से लक्ष्मीकांत सकारिया सहित सभी शिक्षक संघों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि बीईओ की तानाशाही के कारण ही आज सभी शिक्षक संगठन एक मंच पर आए हैं। अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस पूरे आंदोलन की समस्त जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## होम्योपैथी से असाध्य रोगों का उपचार संभवः डॉ गोलदार

### होम्योपैथी के जनक महात्मा हैनीमैन की जयंती को होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाई गई



**महासमुंद।** होम्योपैथी उपचार के जनक महात्मा हैनीमैन की जयंती 10 अप्रैल को प्रति वर्ष होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाई जाती है। शहर में भी वरिष्ठ होम्योपैथ डॉ एमएल गोलदार के क्लीनिक में सभी होम्योपैथिक डॉक्टरों की उपस्थिति में मनाईं गई। इस अवसर पर डॉ सुखलाल साहू, डॉ अभिषेक साहू, डॉ लोमश आनंद, डॉ मीनाक्षी कश्यप, डॉ अनिल अग्रवाल, चंद्रशेखर साहू, विष्णु प्रसाद मिश्रा ने होम्योपैथ हैनीमैन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर स्मरण किया। डॉ एमएल गोलदार ने हैनीमैन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हैनीमैन का जन्म 10 अप्रैल 1755 को जमर्नी में हुआ था। एमडी करने के बाद प्रेक्टिस छोड़कर रोगियों की उपचार की नई पद्धति खोजी, जिसे होम्योपैथिक नाम दिया। उन्होंने बड़ी सी बड़ी असाध्य रोगों का उपचार होम्योपैथी पद्धति से की। डॉ मीनाक्षी कश्यप ने जटिल बीमारी व होम्योपैथिक पद्धति से उपचार व औषधीय गुणों के बारे में कहा कि होम्योपैथिक उपचार पद्धति आज लोगों में विश्वास जगा रही है। इस पद्धति में रोगी की धैर्यता ही सफलता दिलाती है इसमें दवाई की विपरीत प्रभाव नहीं के बराबर होती है।

# परिवार में विश्वास और पति-पत्नी के बीच मित्रवत व्यवहार आवश्यक : परमेश्वर

## अछोला में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन, जुटे गायत्री परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के मार्गदर्शन में ग्राम अछोला में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तृतीय दिवस का शुभारंभ शांतिकुंज से आई ब्रह्मवादिनी की टीम द्वारा देवावहन के साथ हुआ। इस अवसर पर विधिवत 9 कुंडीय यज्ञ कराया गया।

महायज्ञ में लगभग 300 श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं। साथ ही 10 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार एवं 3 बच्चों का मुंडन संस्कार भी हुआ। संध्या 4 बजे प्रज्ञा पुराण कथा के अंतर्गत परिवार खंड पर विचार रखते हुए शांतिकुंज प्रतिनिधि परमेश्वर साहू ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत अनमोल है और परिवार शिशु की प्रथम पाठशाला है, जहां माता प्रथम गुरु होती है। उन्होंने



चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज संयुक्त परिवार की परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है और समाज एकल परिवारों तक सीमित होता जा रहा है, जो चिंतन का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार में आपसी विश्वास होना चाहिए तथा पति-पत्नी के बीच मित्रवत व्यवहार आवश्यक है। पारिवारिक संबंधों को महत्व देना समय की आवश्यकता है। गृहस्थ आश्रम को सभी आश्रमों में श्रेष्ठ बताते हुए उन्होंने कहा कि इसी से अन्य सभी आश्रमों का पोषण होता है। इस अवसर पर बलौदा बाजार, आरंग, बिलाईगढ़, हिरमी, सुहेला, कसडोल, पलारी, दंतेवाड़ा सहित विभिन्न दूरस्थ अंचलों से आए श्रद्धालुओं के साथ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन, प्रमुख ट्रस्टीगण एवं महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत कल प्रातः 9 कुंडीय यज्ञ के साथ दीक्षा संस्कार होगा तथा पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी भारत सिंह साहू द्वारा प्रदान की गई।

### जय सिद्ध बाबा बालकनाथ का वार्षिक भंडारा 19 को

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में स्थित जय बाबे दी मंदिर पुराना रोड़ नदी मोड़ में 19 अप्रैल रविवार को एक दिवसीय विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। भंडारा का कार्यक्रम जय सिद्ध बाबा बालकनाथ की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ होगा। प्रातः 4 बजे मंदिर में पूजा अर्चना व महायज्ञ के साथ प्रभात फेरी शोभायात्रा निकाली जाएगी। जय बाबे दी मंदिर में प्रातः 4 बजे से शाम तक एक दिवसीय स्वल्पाहार भव्य भंडारा एवं विशाल मेला का कार्यक्रम होगा। जिसमें आयोजक ने ग्राम और बाहर से आए श्रद्धालुओं को पूजा में उपस्थित होकर बाबा पौणाहारी का विशाल मेला में दर्शन व भंडारा में भोजन रूपी प्रसाद पाने की अपील की है। यहां कोई भी कलाकार अपना गीत या धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत करना चाहते हो वे समय सीमा लेकर कार्यक्रम की प्रस्तुति दे सकता है। जिसका समापन शाम 5.15 बजे मंदिर में किया जाएगा।

# छग कुंभकार समाज महासमुंद का हुआ वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला महासमुंद वार्षिक अधिवेशन हुआ। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग एवं कैबिनेट मंत्री, अध्यक्षता नंद कुमार चक्रधारी प्रदेश अध्यक्ष कुंभकार समाज छग, विशेष अतिथि देवनाथ साहू मंडल अध्यक्ष आरंग, वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण कुमार भारद्वाज, गणेश राम साहू, संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका आरंग, लीला लच्छन निषाद जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 9 आरंग, पारागांव सरपंच अंजू शशिकांत बंजारे, उपसरपंच राधेलाल निषाद, खुशबू राहुल प्रजापति सरपंच राटाकाट, महामंत्री हेमलाल कौशिक कुंभकार समाज छत्तीसगढ़, उपाध्यक्ष आत्माराम प्रजापति कुंभकार समाज,



रतनलाल चक्रधर निर्वाचन अधिकारी कुंभकार समाज, वरिष्ठ सलाहकार कैलाश प्रजापति, बीपी चक्रधर, दौवा राम कुंभकार, लखन लाल कुंभकार, प्रवक्ता अखिलेश प्रजापति, कार्यालय प्रभारी रूपेश कुमार चक्रधारी, लुमेश चक्रधारी प्रदेश मीडिया प्रभारी, जिला अध्यक्ष ललित कुमार चक्रधारी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार चक्रधारी, सचिव टुकेश्वर चक्रधारी, कोषाध्यक्ष कमलेश चक्रधारी, प्रांतीय प्रतिनिधि अभय लाल कुंभकार, संरक्षक लोचन चक्रधारी, बैसाखू राम पांडे, रायपुर जिला अध्यक्ष भूषण चक्रधारी, धमतरी जिला अध्यक्ष किशुन चक्रधारी की उपस्थिति में कुंभकार समाज जिला महासमुंद का निर्वाचन हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष अभयलाल कुंभकार बनपचरी, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनाथ सकरिया बरोंडा बाजार, कोषाध्यक्ष रमेश चक्रधारी खल्लारी, सचिव टुकेश्वर चक्रधारी बरेकेलकला, सहसचिव श्यामरतन चक्रधारी कुटेला, प्रांतीय प्रतिनिधि इतवारी चक्रधारी पचेड़ा शामिल है।

### कुमारी ने कुसमीसरार व छुईपाली में किया व्यापक जनसंपर्क

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश तथा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल द्वारा गांव चलो, बस्ती



चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम कुसमीसरार व छुईपाली में सशक्त जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अभियान में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर सहित भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा पार्टी की नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का संकल्प दोहराया।

# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी की रायपुर संभाग अध्यक्ष मनोनीत हुईं हुलसी चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पित अग्रणी संगठन 'राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी' के संगठन विस्तार के तहत रायपुर संभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को सौंपी गई है।

संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने उनकी सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए हुलसी चंद्राकर को रायपुर संभाग का महिला मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए हुलसी चंद्राकर ने कहा कि, संगठन ने मुझ पर जो विश्वास



जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में संगठन को मजबूती प्रदान करना और सनातन मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना मेरी प्राथमिकता होगी। नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष ने अपने संबोधन में 'धर्म रक्षित रक्षितः' के ध्येय वाक्य पर जोर देते हुए कहा कि जो धर्म की रक्षा करते हैं, धर्म उनकी रक्षा करता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपनी इस नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और सेवा भाव से करेंगी। उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं, मातृशक्तियों को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना होगा। रायपुर संभाग महिला मोर्चा अध्यक्ष मनोनीत होने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और संगठन के कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।



**खबर संक्षेप**



## मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** शहर के नागरिकों को नगर पालिका द्वारा जल्द ही मुक्तिधाम में व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है। नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की विशेष प्रयास से मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण, गार्डनिंग कार्य तथा शवदाह के लिए नवीन शेड निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य का पालिका अध्यक्ष ने निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने कहा कि अंतिम संस्कार में शामिल होने आने वाले नागरिकों को बेहतर वातावरण प्रदान करने विशेष रूप से यह कार्य कराए जा रहे हैं। नवीन शेड बनने से बारिश के दिनों में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी।

## शहर में शुरू होंगी संगीत की क्लासेस आवेदन 30 तक

**महासमुंद।** शहर के विवेक वर्धन सेवा आश्रम ट्रस्ट के सहयोग से यतियतन संगीत विद्यापीठ संचालन की जानकारी देते हुए संगीतकार बीआर साहू ने बताया कि इस विद्यापीठ में संगीत (गायन) में प्रथमा से लेकर विद् तक शिक्षा दी जाएगी। जिसका पाठ्यक्रम विश्व प्रसिद्ध इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पाठ्यक्रम के अनुसार संचालित होगा। सत्र के अंत में पाठ्यक्रमानुसार इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा लेकर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी बीआर साहू, मनोज मालू, दिलीप मालू, वंदना बाफना एवं प्रियंका चोपड़ा से ली जा सकेगी।

### विडंबना: पहले अधिकार क्षेत्र से किया था इनकार, अब दिया बेदखली का आदेश

# एक ही जमीन विवाद पर दो आदेश, पिथौरा तहसील की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)




तहसील कार्यालय एक बार फिर विवादों में घिर गया है। इस बार मामला एक ही जमीन विवाद की दोबारा सुनवाई कर दिए गए बेदखली आदेश से जुड़ा है, जिससे तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। चूंकि पहले से पारित आदेश के बावजूद उसी प्रकरण में नया फैसला दिए जाने से कानूनी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी सवाल उठ रहे हैं। जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पिथौरा, हल्का नंबर 12 के खसरा नंबर 300/43, रकबा 0.156 हेक्टेयर से संबंधित विवाद में आवेदक अरविंद नेताम निवासी ग्राम सांकरा ने वर्ष 2022-23 में तहसील न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि 15 दिसंबर 2020 को खरीदी गई भूमि पर बने कच्चे मकान पर अनावेदक रविकुमार ठाकुर निवासी पिथौरा ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस प्रकरण में आवेदक अरविंद नेताम द्वारा सीमांकन किए जाने के उपरांत तत्कालीन तहसीलदार नितिन ठाकुर के न्यायालय में छग भू राजस्व संहिता 1959 के धारा 250 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया। उक्त मामले को अ-70 शीर्ष में दर्ज कर सुनवाई के बाद 16 फरवरी 2024 को आदेश पारित किया था। आदेश में स्पष्ट किया गया कि वादभूमि पर मकान निर्मित है और कब्जा है तथा मकान बेदखली का क्षेत्राधिकार तहसील न्यायालय को नहीं है। आवेदक को सक्षम न्यायालय से राहत लेने की सलाह दी गई थी। हालांकि, इसके बाद 17 जुलाई 2025 को आवेदक अरविंद नेताम द्वारा इसी भूमि के संबंध में पुनः तहसीलदार पिथौरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण को तत्कालीन तहसीलदार नमिता मारकोले ने ब-121 शीर्ष में दर्ज किया, लेकिन बाद में वर्तमान तहसीलदार मनीषा देवांगन ने इसे त्रुटिपूर्ण मानते हुए बिना सीमांकन प्रतिवेदन के पुनः अ-70 शीर्ष में दर्ज कर सुनवाई की एवं आवदेक अनावेदक के साक्ष्य लिए बिना 6 अप्रैल 2026 को पारित आदेश में अनावेदक को उक्त भूमि से बेदखल करने के निर्देश दिए गए।

### दोनों आदेशों के बीच विरोधाभास की स्थिति

इस तरह एक ही प्रकरण में पूर्व आदेश के विपरीत नया निर्णय दिए जाने से दोनों आदेशों के बीच स्पष्ट विरोधाभास की स्थिति बन गई है। कानूनी जानकारों के अनुसार यह रेस जुडिकाटा सिद्धांत के विपरीत है, जिसके तहत किसी मामले में न्यायालय द्वारा अंतिम निर्णय दिए जाने के बाद उसी विवाद को उन्हीं पक्षों के बीच उसी भूमि के संबंध में उसी न्यायालय में दोबारा नहीं उठाया जा सकता। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 11 का उद्देश्य न्यायिक स्थिरता बनाए रखना और एक ही विवाद पर बार-बार सुनवाई को रोकना है। इसलिए एक ही प्रकरण को एक से अधिक बार एक ही न्यायालय में नहीं सुना जा सकता। इस संबंध में तहसीलदार मनीषा देवांगन से दूरभाष पर संपर्क किया गया किंतु उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं किया।

## लंबित मांगों को लेकर एनएमएच कर्मचारियों की हुई बैठक



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अब बड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। रविवार को रायपुर के आमापारा स्थित गुरु घासीदास प्लाजा में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में राज्यभर से आए 500 से अधिक पदाधिकारियों ने भाग लिया और एकजुटता का प्रदर्शन किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनएचएम के 21 वर्षों के सफर को चिन्हित करते हुए जल्द ही एक भव्य प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश के लगभग 17, 000 कर्मचारी अपने परिवारों सहित शामिल होंगे, जो संगठन की ताकत और एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। महासम्मेलन के मंच से कर्मचारी मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाएंगे। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में शामिल हैं। इमें कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण, ग्रेड पे का उचित निर्धारण, अनुकंपा नियुक्ति और पारदर्शी स्थानांतरण नीति, नई एचआर पॉलिसी का निर्माण, बेहतर चिकित्सा सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा, आर-पार की लड़ाई का संकेत। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शकुंतला एक्का ने स्पष्ट किया कि अब कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सरकार को पुनः ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे, उपाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र सिन्हा, डॉ मधुराज देवांगन, परमेश्वर सेन, निर्मल कुमार साहू, देव कुमार डडसेना, रवि काशयकार ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उन्हें अब तक बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### प्रदेशभर से जुटे पदाधिकारी

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी, महासचिव कौशलेश तिवारी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। 500 से अधिक एनएचएम कर्मचारियों का यह निर्णय आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों पर प्रभाव डाल सकता है। महासम्मेलन को लेकर अब प्रदेशभर में तैयारियां तेज हो गई हैं।

## बजट क्वेस्ट के राष्ट्रीय आयोजन में शामिल होंगे कॉलेज के छात्र

**महासमुंद।** खेल एवं युवा कल्याण भारत सरकार एवं माय भारत द्वारा आयोजित बजट क्वेस्ट के राष्ट्रीय चरण में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के रासेयो स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू (एमएम हिंदी) का भी चयन हुआ है। साथ ही डिंपल डडसेना का भी इस आयोजन के लिए चयन हुआ है। 12–13 अप्रैल को नया रायपुर आईआईआईएम रायपुर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थी शामिल होंगे। इस आयोजन पर महिला आरक्षण विधेयक पर मॉक संसद, विचार-विमर्श सत्रों में भागीदारी होगी और कार्यशाला के दूसरे दिन प्रधानमंत्री के साथ विशेष वर्चुअल संवाद करेंगे। यह आयोजन से युवाओं को शैक्षणिक एवं लिए सीखने, नेतृत्व करने और अपनी आवाज़ को प्रभावी बनाने का उत्कृष्ट अवसर है। इस राष्ट्रीय आयोजन में तीन सौ से अधिक विद्यार्थी प्रतिभागी शामिल होंगे। इस आयोजन में सहभागिता के लिए शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य करूणा दुबे, डॉ मालती तिवारी (रासेयो जिला संगठक), डॉ दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस (पुरुष इकाई), राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस (महिला इकाई), प्रो कलम रेखा, प्रो जीवन लाल चंद्राकर, जनभागीदारी व्याख्याता कल्याणी साहू व प्रकाशमणि सार्वा, वसुंधरा साहू (डीवाईओ माय भारत), अशोक चक्रधारी समेत अधिकारी कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों ने हर्ष जताया है।

# खैरखुटा में गांव चलो-घर चलो अभियान के तहत भाजपा का जनसंपर्क, सरकार की योजनाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे गांव चलो-घर चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम खैरखुटा में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान नेताओं ने ग्रामीणों के घर-घर पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया और लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया।

अभियान में भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोत्तम घृतलहरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, सहकारी समिति अध्यक्ष विजयराज पटेल, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र पांडे, पुष्पराज गजेंद्र, खेल एवं युवा प्रमुख सौरभ अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दिलीप निषाद, युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य पवन अग्रवाल, सोनू तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर स्वप्निल तिवारी ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस (6 अप्रैल) से लेकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) तक यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और आमजन से सीधा संवाद करना है। जनसंपर्क के दौरान महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं पर ग्रामीणों से फीडबैक लिया गया। जिन पात्र हितग्राहियों को अब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है या जिन्हें किसी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या आ रही है, उनकी जानकारी संकलित की गई। नेताओं ने आश्वासन दिया कि प्राप्त समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और योजनाओं से मिल रहे लाभ पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में डिगेश प्रधान, थबीर साहू, बलदेव प्रधान, रंजीत सेठ, रायधर प्रधान, नवीन सेठ, उपेंद्र साहू, त्रिविक्रम साहू, कमल सेठ, सुखसागर पटेल, गजानंद निषाद, तुषार प्रधान, उत्तर प्रधान, बेनूधर प्रधान, कीर्ति यादव, साहिल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव, बस्ती, बूथ चलो अभियान में शामिल हुए बीज निगम अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बया मंडल में गांव, बस्ती, बूथ चलो अभियान में बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रहास ने कहा कि इस अभियान के तीन मुख्य स्तंभ हैं। संपर्क और संवाद हमें घर-घर जाकर हर मतदाता से मिलना है। हमें उन्हें यह अहसास दिलाना है कि उनका एक वोट देश की दिशा और दशा बदल सकता है। मतदाता सूची का सुदृढ़ीकरण कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। नए युवाओं के नाम जुड़वाना और मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाना हमारी प्राथमिकता है।



इस दौरान जीवधन बरिहा अध्यक्ष भाजपा मंडल बया, लोकनाथ रात्रे महामंत्री, गायत्री बरिहा जिला पंचायत सभापति बलौदाबाजार, बेदराम बरिहा जिला मंत्री भाजपा बलौदाबाजार, भगत नायक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, संजय यादव उपाध्यक्ष भाजपा मंडल बया, कपिल देव नायक अध्यक्ष सरपंच संघ कसडोल, नूरपति नायक अध्यक्ष भाजयुमो मंडल बया, प्रेमचंद पटेल जिला मंत्री युवा मोर्चा, मोहन नेताम अध्यक्ष आदिवासी मोर्चा, कन्हैया नायक जिला प्रतिनिधि, निर्मल सिंह ठाकुर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, अध्यक्ष सोसायटी बरपानी, टहक राम साहू अध्यक्ष सोसायटी बया, खीरप्रसाद चौधरी सरपंच ग्राम पंचायत चेचरापाली, दीपांजलि प्रधान जिला मंत्री महिला मोर्चा, संतोष मांझी जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, चैतलाल नायक पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा मंडल बया, थबिर पंडा उपसरपंच चेचरापाली, शत्रुघ्न चौहान आमंत्रित सदस्य, सुभाष कुमार सहिस मीडिया प्रभारी भाजपा मंडल बया, अभिषेक अवस्थी सोशल मीडिया प्रभारी भाजपा मंडल बया, दूरपत नायक, जितेंद्र ठाकुर सहित समस्त कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महतारी वंदन योजना बना झूठ का पुलिंदा : हेमलता



**पिथौरा (ग्रामीण)।** महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष हेमलता निषाद ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर महतारी वंदन योजना को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस योजना को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के साथ छलावा कर रही है। हेमलता निषाद ने आरोप लगाया कि केवाईसी प्रक्रिया के नाम पर बड़ी संख्या में महिलाओं के नाम सूची से काटने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं को योजना का लाभ देने का वादा किया था, लेकिन वर्तमान में अनेक महिलाएं इससे वंचित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई ग्राम पंचायतों में अब तक केवाईसी की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हुई है, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव के समय सभी को लाभ देने का वादा किया गया, लेकिन सत्ता में आने के बाद नियमों और प्रक्रियाओं का हवाला देकर महिलाओं को बाहर किया जा रहा है। निषाद के अनुसार, यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार योजना के दायरे को सीमित करने की दिशा में काम कर रही है। पेंशन को लेकर भी उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले बुजुर्ग महिलाओं को 500 रुपए मासिक पेंशन मिलती थी, अब महतारी वंदन योजना के तहत कुल 1000 रुपए दिए जा रहे हैं, लेकिन वास्तविक बढ़ोतरी सिर्फ 500 रुपए की ही है। इसे 1000 रुपए बताकर सरकार भ्रम फैला रही है और अपनी उपलब्धि बता रही है। हेमलता निषाद ने यह भी आरोप लगाया कि जो पात्र महिलाएं योजना से छूट गई हैं, उनके लिए नए आवेदन या सुधार की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से पोर्टल और आवेदन प्रक्रिया ठप पड़ी है, जिससे महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत भाजपा का लक्ष्मीपुर में जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के 47 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल पिथौरा द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर में गांव चलो, घर चलो अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंकर अग्रवाल ने केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, धान बोनस और राशन वितरण जैसे मुद्दों पर ग्रामीणों से सवाल कर योजनाओं की स्थिति जानी। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी संक्षेप में समझाई। ग्रामीणों ने अधिकांश योजनाओं का लाभ मिलना बताया, वहीं कुछ पात्र व्यक्तियों के नाम छूटने की जानकारी सामने आने पर तत्काल सरपंच को निर्देशित कर उन्हें योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के अलावा भी लगातार गांव-गांव जाकर योजनाओं की मॉनिटरिंग करते हैं और जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के प्रति संतुष्टि भी जानी। इस दौरान एक वृद्ध महिला ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा मिल रही सुविधाएं उनके जीवन में बड़ा सहारा बनी हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के उद्देश्य से योजनाएं बना रही है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।



कार्यक्रम में जिला सह कोषाध्यक्ष प्रीत राम सूर्ये, वरिष्ठ भाजपा नेता शशि डड़सेना, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक वेद प्रकाश गोयल, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, ग्राम सरपंच सत्यनारायण पटेल, रामप्रसाद बारीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश एवं विधायक चातुरी ने बलौदा क्षेत्र के गांवों में किया व्यापक जनसंपर्क व संगठन विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संचालित मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करने का अभियान तेज़ी से जारी है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा सरायपाली विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में व्यापक जनसंपर्क एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत ग्राम बलौदा, अमेलडीह, खोखेपुर एवं सिरबोड़ा में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों में उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिससे संगठन की जमीनी मजबूती का स्पष्ट संकेत मिला। कार्यक्रम के दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया। साथ ही कांग्रेस पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

अपने संबोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत गांव और किसान हैं। मिशन गांव चलो अभियान के माध्यम से संगठन को प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ तक सशक्त किया जा रहा है, जिससे आम जनता की आवाज़ को मजबूती मिले और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। यही मजबूत संगठन भविष्य में कांग्रेस की विजय का आधार बनेगा। वहीं सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय और संगठित बनाना है, ताकि आमजन की समस्याओं को समझकर उनका समाधान किया जा सके। पंचायत और बूथ स्तर का मजबूत ढांचा ही कांग्रेस की वास्तविक शक्ति है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवगठित कमेटियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईपाली के अध्यक्ष तन्मय पंडा, सरायपाली ग्रामीण के अध्यक्ष तेजराम पटेल, जिला महामंत्री रूपानंद पटेल, डॉ. बिरंची बेताल, विनोद दीवान, चित्तरंजन सवाई, चतुर्भुज डड़सेना, अक्षय बरिहा, सूर्यकांत पटेल, टेंगनू महापात्रा, सिंधु विशाल, सुनीता कुम्हार, अनिता चौहान, हुसैन मोहम्मद, भंवर भोई, मुकेश नाग, कमलेश साहू, दिलीप साहू, संपत पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा सरायपाली विधायक चातुरी नंद के बलौदा क्षेत्र के ग्रामों में आगमन पर ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। फूल-मालाओं, पारंपरिक वेशभूषा एवं उत्साहपूर्ण स्वागत के साथ क्षेत्रवासियों ने अपने जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वास और समर्थन व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली।

